भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 39
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार, 23 अप्रैल, 2015 को दिया जाना है

टाइड वाटर ऑयल कंपनी का विस्तार

39. श्री सालिम अन्सारी:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि एन्ड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड की सहायक कंपनी टाइड वाटर ऑयल कंपनी (इंडिया) लिमिटेड ने अगस्त, 2014 में हुई अपनी वार्षिक आम बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ भारत और अन्य देशों में अपने वर्तमान कारोबार को फैलाने के उद्देश्य से बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से 1400 करोड़ रुपये की धनराशि का ऋण लेने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो अब तक लिए गए ऋण की धनराशि और इस कंपनी की विस्तार योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या यह भी सच है कि एक जापानी वाहन निर्माण कंपनी मेसर्स जेक्सनों ने स्नेहकों के लिए टी डब्ल्यू ओ के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित करने की मंशा व्यक्त की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क): टाइड वाटर ऑयल कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (टीडब्ल्यूओएल) एक सहायक कंपनी नहीं बल्कि एवाईसीएल की एक संबद्ध कंपनी है। जी हां, यह एक समर्थकारी संकल्प है जो दिनांक 29.08.2014 को हुई अपनी वार्षिक आम बैठक में पारित हुआ था।

(ख): दिनांक 31.03.2015 की स्थिति के अनुसार कोई ऋण नहीं लिया गया है।

(ग): जी, हां। दिनांक 01.10.2014 को एक संयुक्त उद्यम कंपनी बनाई गई है।

****